आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11 जुलाई 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व जनसंख्या दिवस पर प्रदेशवासियों से संतुलित जनसंख्या–सक्षम भारत के संकल्प को सशक्त करने की अपील की, कहा– संतुलित जनसंख्या ही है समृद्ध समाज और सतत विकास की सुदृढ़ आधारशिला।
- प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक ने बिहार चुनाव के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का किया स्वागत, चुनाव आयोग की निष्पक्षता और पारदर्शिता की कार्यशैली को सराहा।
- सावन माह की शुरुआत पर शिव मंदिरों में भगवान शिव के पवित्र लिंग के दर्शन पूजन के लिए उमड़े श्रद्धालु, आज ही से शुरू हो रही है कावड़ यात्रा।
- प्रदेश भर में दस्तक अभियान का आज से होगा आगाज, इकतीस जुलाई तक घर घर जाएंगी स्वास्थ्य विभाग की टीम।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि संतुलित जनसंख्या ही समृद्ध समाज और सतत विकास की सुदृढ़ आधारशिला है। यह बातें उन्होंने विश्व जनसंख्या दिवस पर आज एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से अपील की है कि सभी लोग संतुलित जनसंख्या–सक्षम भारत के संकल्प को सशक्त करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण आज केवल आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की अनिवार्य नीति है। यह लक्ष्य जन जागरूकता, जन भागीदारी और जन नीति के समन्वित प्रयासों से ही प्राप्त हो सकता है।

आज विश्व जनसंख्या दिवस पर प्रदेश भर में विविध आयोजन कर के लोगों को जनसंख्या नियंत्रण के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसी क्रम में प्रदेश के सभी जिलों में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जनजागरूता रैलियों और प्रचार वाहनों को जनसंख्या नियंत्रण के संदेश के साथ रवाना किया जा रहा है।

**********

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक ने बिहार चुनाव के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। कल पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि लगातार चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी कह रही थी कि संवैधानिक संस्थाएं अपने संवैधानिक अधिकारों के साथ अपनी जिम्मेदारी परम्परागत तरीके से पूरी कर रही हैं। इससे पहले सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में निर्वाचन आयोग को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को जारी रखने की अनुमति दे दी।

**सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग से कहा कि पुनरीक्षण में आधार, राशन कार्ड और मतदाता पहचान पत्र को स्वीकार करने पर भी विचार करना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि राज्य में पुनरीक्षण कार्य संविधान के दायरे में है, लेकिन इसके समय पर प्रश्न उठाया। न्यायालय ने कहा कि ये कार्य बिहार विधानसभा चुनाव के लिए ही क्यों हो रहा है और इसे पूरे देश में लागू क्यों नहीं किया जा सकता। समाचार कक्ष से मैं सरफिरोजी।**

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ अपना काम कर रहा है।

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कल वाराणसी में पूर्वी उत्तर प्रदेश के चौबीस जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान श्री रिणवा ने अधिकारियों को मतदाता सूची सहित अन्य तैयारियों को अभी से शुरू कर देने का निर्देश दिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान अधिकारियों को इस बात के निर्देश दिये गये हैं कि वोटर लिस्ट शत प्रतिशत सही हो और ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों का नाम वोटर लिस्ट में शामिल करने का काम पारदर्शिता के साथ किया जाये।

**********

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा है कि राज्य सरकार औद्योगिक सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा देने के लिये पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं। श्री सचान कल गौतमबुद्ध नगर में पीएचडी चैम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित चौथे उत्तर प्रदेश अग्नि और सुरक्षा एक्सपो तथा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में एमएसएमई महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**आज छियानवे लाख से अधिक एमएसएमई इकाईयां उत्तर प्रदेश में है। एमएसएमई लगातार जिस तरह से कृषि के बाद सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला सेक्टर है। लगभग पौने दो करोड़ लोगों को उत्तर प्रदेश में रोजगार भी एमएसएमई के माध्यम से मिल रहा है। एमएसएमई का योगदान राज्य सकल घरेलू उत्पाद भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।**

**********

प्रदेश के एडीजी कानून–व्यवस्था अमिताभ यश ने कल पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उत्तर प्रदेश एटीएस ने धर्मान्तरण के आरोपी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर और उसकी मुख्य सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को सात दिन की रिमांड पर लिया है। दोनों से उनके गिरोह के नेटवर्क, पैसों के लेन–देन और उनकी अवैध संपत्तियों के बारे में पूछताछ की जाएगी।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते दिनों बलरामपुर जिले से जुड़े इस मामले में कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिए थे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा था कि प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई नहीं करेगी। राज्य में शांति, सौहार्द और महिलाओं की सुरक्षा को भंग करने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्हें कानून के अनुसार ऐसी सजा दी जाएगी, जो समाज के लिए एक उदाहरण बने।

**********

आज से पवित्र सावन माह की शुरूआत हो गई है। शिव भक्त सुबह से ही प्रदेश के अलग अलग मंदिरों में पवित्र शिव लिंग का दर्शन पूजन कर रहे हैं। शिवभक्तों की भीड़ को देखते हुए काशी विश्वनाथ धाम, गोलागोकरणनाथ, लोधेश्वर महादेव और गढ़मुक्तेश्वर सहित अन्य शिव मंदिरों में भक्तों के लिये विशेष प्रबंध किये गये हैं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में सावन माह के प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**सावन माह के पहले सोमवार को भगवान का चल प्रतिमा श्रृंगार किया जाएगा। वहीं दूसरे सौमवार को गौरी–शंकर श्रृंगार होगा। तीसरे सोमवार को भक्त भगवान के अर्धनारीश्वर श्रृंगार के दर्शन कर सकेंगे तो चौथे सोमवार को भगवान रुद्राक्ष श्रृंगार में भक्तों को आशीर्वाद देंगे। वृद्धजन, निशक्तजन और अत्यधिक भीड़ के कारण भौतिक रूप से दर्शन से वंचित रह जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए ऑनलाइन दर्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। साथ ही श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के आधिकारिक यूट्यूब चौनल पर भी भगवान के दर्शन की ऑनलाइन स्ट्रीमिंग की जाएगी। मनीष सिंह आकाशवाणी सामाचार वाराणसी।**

प्रदेश में आज से ही कावड़ यात्रा भी शुरू हो रही है। इसे लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और सकुशल सम्पन्न कराने के लिये सुरक्षा और यातायात के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। एक रिपोर्ट–

**पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने बताया कि कांवड़ यात्रा मार्गो पर 29 हजार से अधिक सीसी टीवी कैमरे, 395 ड्रोन, 18 सौ से अधिक जल सेवा केन्द्र, 829 चिकित्सा शिविर और 12 सौ से अधिक पुलिस सहायता केन्द्र स्थापित किये गये हैं। इसके साथ ही डीजीपी मुख्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम में भी 8 सदस्यीय टीम तैनात की गई है, जो 24 घंटे यूपी 112 समेत अन्य माध्यमों से मिलने वाली सूचनाओं की मॉनिटरिंग करेगी। वहीं कांवडियों की सुरक्षा के लिये विभिन्न राजमार्गो पर यातायता डायवर्जन के साथ समुचित प्रकाश की व्यवस्था की गई है। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।**

**********

अमरनाथ यात्रा के दौरान आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर, भगवान शिव की केसरिया वस्त्रधारी चाँदी की गदा, यानि छड़ी मुबारक कल पहलगाम पहुंच गई। इसके साथ ही वार्षिक अमरनाथ यात्रा से जुड़ी सदियों पुरानी परंपराओं की औपचारिक शुरुआत हो गई। इस बीच, वार्षिक अमरनाथ यात्रा के आठवें दिन, कल शाम तक एक लाख तैंतालीस हजार से अधिक यात्रियों ने पवित्र गुफा के दर्शन किए।

**********

प्रदेश के सभी जिलों में आज से दस्तक अभियान शुरू हो रहा है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम घर घर जाकर लोगों को इंसेफेलाइटिस, टीबी, डेंगू और मलेरिया आदि बीमारी के लक्षणों के बारे में जागरूक करेंगी। साथ ही बुखार के रोगियों, कुपोषित बच्चों और अन्य संचारी बीमारियों के मरीजों की सूची तैयार कर के इलाज के लिए अस्पताल भेजी जाएगी। इकतीस जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के दौरान लोगों का आभा आईडी भी बनाई जाएगी।

**********

बदायूं जिले के बिसौली कोतवाली क्षेत्र के बगरैंन बिसौली रोड पर करखेड़ी गांव के पास कल शाम दो बाइक की आमने सामने से हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में गंभीर तौर पर घायल एक बाइक सवार का इलाज चल रहा है। दुर्घटना के शिकार सभी लोग एक ही गांव के रहने वाले थे।

**********